सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है

लखनऊ: 11 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कामना की है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में शांति, करुणा, सद्भावना और आत्मबोध का संचार करे तथा हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात कर एक समरस, जागरूक और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान दें।

राज्यपाल जी ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और ज्ञान का प्रतीक है। उनका उपदेश सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल बौद्ध धर्मावलंबियों का पर्व नहीं है, अपितु यह भारत की महान आध्यात्मिक विरासत और सार्वभौमिक मूल्यों का उत्सव है, जो सभी को आत्मचिंतन, संयम और संवेदना की प्रेरणा देता है।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080